केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब www.bhartiyabasti.com और उसका छपा संस्करण सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com के लिये विज्ञापन बुक कराये। विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :45 अंक 241 शुक्रवार 22 मार्च 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### नव विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दिया

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

रुधौली (बस्ती)। क्षेत्र के नगर पंचायत के शहीद कीर्तिकर निषाद नगर वार्ड में एक नव विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसके घर के अन्दर फांसी के फन्दे से लटकता पाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार देर रात की बतायी जा रही है। मृतका के पिता की सूचना पर पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। मौत के कारणों का पता नही चल पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लंगड़ी गंधरिया निवासी कैलाश निषाद की 20 वर्षीय पुत्री काजल का विवाह इसी माह की 13 तारीख को रुधौली नगर पंचायत के शहीद कीर्तिकर निषाद नगर वार्ड के केवटहिया निवासी मुकेश के साथ हुआ था। मृतका ने बुधवार देर रात अपने कमरे के कुण्डी में दुपट्टे का फन्दा बनाकर झूल गयी जिसकी मौत हो गयी थी। घटना के बाद परिजन उसका दाह संस्कार करने की तैयारी कर ही रहे थे कि मृतका के पिता की सूचना के उपरान्त पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुट गयी। सीओ रुधौली सत्येंद्र भूषण तिवारी ने भी घटना स्थल का दौरा कर परिजनों से जानकारी ली। इसके अलावा विधि्ा विज्ञान टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने में लगी रही। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### हादसे में दो घायल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बनकटी (बस्ती) । लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी बस्ती मार्ग पर गुरूवार को दिन में करीब 1 बजे बर्रोहिया गाँव के पास अज्ञात तेज रफ्तार टेम्पो ने बाइक सवार अवनीश 20 वर्ष निवासी रखौना को पीछे से जोरदार ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े साइकिल सवार महेंद्र 45 वर्ष निवासी बर्रोहिया के ऊपर जा गिरे जिसमें दोनों को गम्भीर चोंटे आईं । स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बनकटी पहुँचाया गया प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने एम्बुलेंस से बस्ती के लिए भेज दिया।

### बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर 23 को



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । 23 मार्च को सुखदेव, राजगुरु और सरदार भगत सिंह के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन' ।भारत स्वाभिमान समिति बस्ती के आह्वान पर 23 मार्च को जिला अस्पताल बस्ती में प्रातः 9 बजे से रक्तदान कार्यक्रम आयोजित है। आस्था क्लीनिक कटेश्वर पार्क में आयोजित एक बैठक में यह जानकारी देते हुए ओम प्रकाश आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान समिति बस्ती ने बताया कि रक्तदान से हम दूसरों का जीवन बचाने में समर्थ होते हैं। डा. नवीन सिंह, डा. प्रवेश कुमार और डा. वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि योग समिति, किसान सेवा समिति, युवा भारत, विश्व संवाद परिषद, इंडियन योग एसोसिएशन और आर्य समाज आदि संस्थाएं सहयोग करेंगी। कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी प्रकार की कमजोरी नहीं आती बल्कि रक्त का नवीनीकरण होने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। इस अवसर पर कामना पाण्डेय जिला प्रभारी महिला पतंजलि योग समिति ने शिविर में महिलाओं की सहभागिता का आश्वासन दिया। बैठक में गरुण ध्वज पाण्डेय, चंद्रप्रकाश चौधरी,संगीता यादव, संगीता श्रीवास्तव, कीर्ति, परवेज आलम, शन्नो दुबे, सूर्य प्रताप सिंह, श्रवण कुमार, नीलम सिंह, मनीष त्रिपाठी, अजीत पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# अब सामने आयेगा चुनावी चंदे का पूरा सच
## चुनाव आयोग ने अपलोड किया विवरण




नई दिल्ली (आभा)। निर्वाचन आयोग ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) द्वारा उपलब्ध कराये गये इलेक्टोरल बॉन्ड का विवरण सार्वजनिक कर दिया है। विवरण में बॉन्ड संख्या भी शामिल है। बता दें एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंप दी थी। उस जानकारी में चुनावी बॉन्ड का क्रमांक भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया था कि एसबीआई को सारी जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। यहां तक घ्किि शीर्ष अदालत ने समय भी तय कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि सारी जानकारी गुरुवार शाम 5 बजे तक दाखिल करनी होगी। एसबीआई ने तय समय के अंदर चुनाव बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी आयोग को सौंप दी। जिसके बाद चुनाव आयोग ने इसे अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

18 मार्च को चुनावी बॉन्ड मामले में एसबीआई को सुप्रीम कोर्ट की आलोचना झेलनी पड़ी। मुख्य न्यायाध्ाीश ने सवाल किया कि अदालत के आदेश के बावजूद एसबीआई ने सारी जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया? उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि हम चुनावी बॉन्ड के बारे में आपकी (एसबीआई) सारी जानकारी चाहते हैं।

गौरतलब है कि 15 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉन्ड व्यवस्था को श्असंवैधानिकश और श्हानिकारकश करार दिया था। इसके साथ ही मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने स्टेट बैंक को चुनावी बॉन्ड की बिक्री तुरंत रोकने का आदेश दिया। इसके अलावा अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक कितने इलेक्टोरल बॉन्ड बेचे गए, किन राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड से पैसा मिला, सारी जानकारी चुनाव आयोग को सौंपने का आदेश दिया गया है।

कोर्ट के आदेश के बाद 12 मार्च को एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड की जानकारी आयोग को सौंपी थी। आयोग ने यह जानकारी पिछले गुरुवार को सार्वजनिक की। वेबसाइट पर बॉन्ड खरीदने वालों और प्राप्तकर्ताओं की एक लंबी सूची भी प्रकाशित की गई थी, लेकिन बॉन्ड संख्या वहां नहीं थी। इससे सुप्रीम कोर्ट नाराज हो गया। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि एसबीआई ने अधूरी जानकारी सौंपी है। कोर्ट ने बैंक अधिकारियों को चुनावी बॉन्ड के बारे में पूरी जानकारी पेश करने का निर्देश दिया। इसी तरह आयोग ने बाकी बॉन्ड से जुड़ी सारी जानकारी गुरुवार दोपहर आयोग को सौंप दी।

## संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण में मिली खामिया



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम प्रगति सिंह, एसडीएम शत्रुघ्न पाठक एवं सीओ सदर विनय चौहान द्वारा बाल संप्रेषण गृह, पचपेड़िया मार्ग, बस्ती का निरीक्षण किया गया। समिति ने निरीक्षण के दौरान बाल संप्रेक्षण गृह (किशोर), के मुख्य द्वार के सामने कूड़ा–कचरा एवं गंदगी पायी गयी, जिससे बदबू आ रही थी।

जनपद न्यायाधीश ने इस पर घोर अप्रसन्नता व्यक्त किया तथा कहा कि पूर्व में भी निर्देश देने के बावजूद मुख्य द्वार के सामने एवं आस – पास सफाई कराकर कूडेदान क्यों नहीं रखा गया, तो अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया कि इस सम्बन्ध में पत्राचार किया गया था परन्तु अनुपालन नहीं हो सका। जनपद न्यायाधीश ने शक्त निर्देश देते हुए यथाशीघ्र अनुपालन कराए जाने हेतु निर्देशित किया।

## 1331 बूथों पर चलेगा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। आडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला एवं संवाद कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सी0एस0 ने कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद के 1331 बूथ पर विशेष अभियान चलाया जायेगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में औसत से कम मतदान वाले बूथों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा। इसके लिए ग्राम पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र–छात्राओं के अभिभावक, युवक मंगल दल के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम रोजगार सेवक तथा कोटेदार की एक समिति गठित की गयी है। समिति के सदस्य कार्यक्रम आयोजित करके मतदाताओं को जागरूक करेंगे। कार्यशाला का संचालन भूमि संरक्षण अधिकारी डा0 राजमंगल चौधरी ने किया। सीडीओ ने कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजय सिंह, उपायुक्त मनरेगा संजय शर्मा, उपायुक्त एनआरएलएम आशा देवी, मयंक श्रीवास्तव, सभी खण्ड विकास अधिकारी तथा कम मतदान वाले बूथ के बैग के सदस्य उपस्थित रहे।

## विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस पर दिया जानकारी



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बस्ती द्वारा विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के साइकोलॉजिस्ट राधेश्याम चौधरी ने कहा कि डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों में शारीरिक व मानसिक विकास नहीं होता है। यह एक अनुवांशिक बीमारी है, प्रत्येक वर्ष 21 मार्च को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया जाता है । इस रोग से पीड़ित बच्चों में दिमाग कम होता है और शारीरिक विकास भी कम होता है, ऐसे में इस रोग के प्रति जागरूकता बहुत आवश्यक है स बताया कि प्रजनन के दौरान माता व पिता से बच्चों में 23 –23 गुणसूत्र जाते है,जिसमें 21 वा गुड़ सूत्र की अतिरिक्त कॉपी बच्चे मे चली जाती है, जिसके कारण शारीरिक व मानसिक विकार पैदा हो जाता है स फिजियोथैरेपिस्ट सुनील कुमार यादव ने कहा कि जागरूकता से ही इस बीमारी मे कमी लायी जा सकती है. गर्भावस्था के दौरान चिकित्सकीय जाँच, देख– भाल व इलाज की आवश्यकता है । मल्टीपरपज रिहैबिलिटेशन वर्कर संगीता यादव ने कहा कि डाउन सिंड्रोम के चिन्ह और इस बीमारी की गंभीरता हर बच्चे में अलग–अलग हो सकती है स सहायक ऑर्थोटिक्स तकनीशियन विजय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि नजर आने वाली कुछ शारीरिक भिन्नताएं और विकास के लक्षण अलग–अलग होते हैंस जैसे चपटा चेहरा, खासकर नाक का चपटा होना, कान का छोटा होना, मांसपेशियों में कमजोरी, चौड़े व छोटे हाथ व आई क्यू लेबल कम होना सहित तमाम लक्षण है स स्वैच्छिक संस्था विवेकानंद लोक विकास संस्थान के अध्यक्ष बालकेश चौधरी, दिब्यांग जन सशकीकरण विभाग के वरिष्ठ सहायक धर्मेंद्र कुमार, गोबिंद कुमार, डीडीआरसी की लेखाकार शिवमूर्ति यादव, जय प्रकाश यादव, गुलाब चंद्र सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# नीति, कार्यकम के आधार पर तीसरी बार सांसद बनेंगे हरीश द्विवेदी– विपिन शुक्ल

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । भारतीय जनता पार्टी अपने नीति, जन कल्याणकारी कार्यक्रमों के आधार पर देश में तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है और तीसरी बार जीत दर्ज करने पर सांसद हरीश द्विवेदी को निश्चित रूप से उनके योगदान को देखते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमण्डल में स्थान मिल सकता है। यह बस्ती जनपद के लिये बडी उपलब्धि होगी। यह दावा समाजवादी पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हुये विपिन शुक्ल ने किया। वे गुरूवार को पत्रकारों से एक होटल में बातचीत कर रहे थे।

विपिन शुक्ल ने पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर देते हुये कहा कि बस्ती में सांसद हरीश द्विवेदी ने पिछले 10 वर्षो में विकास के कई आयाम विकसित किये हैं। पं. अटल बिहारी बाजपेई आडिटोंरियम के साथ ही पं. दीनदयाल उपाध्याय वाचनालय एवं पुस्तकालय की स्थापना कराकर



-सांसद के रूप में हरीश द्विवेदी ने बेहतर कार्य किया- अशोक शुक्ल
-तीसरी बार अवसर मिला तो और तेज होगी विकास की गति- हरीश द्विवेदी

हरीश द्विवेदी ने उदाहरण प्रस्तुत किया है। कहा कि सांसद खेल महाकुंभ ने बस्ती ही नहीं समूचे देश में अपनी छाप छोड़कर कीर्तिमान बनाया है। खेल प्रतिभाओं को अवसर देने के साथ ही सत्यवान सिंह स्टेडियम का निरन्तर विकास संभावनाओं के नये द्वार खोलता है। इसी से प्रभावित होकर उन्होने भाजपा में आने का निर्णय लिया। कहा कि गरीबों को शासन, बेहतर कानून व्यवस्था, जंगलराज से मुक्ति और भाजपा प्रत्याशी की सहजता हरीश द्विवेदी को तीसरी बार सांसद बनायेगी इसमें संदेह नहीं। वे इसके लिये पूरी ताकत झोंक देंगे।

प्रेस वार्ता में उपस्थित भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद हरीश द्विवेदी ने सबसे सहयोग मांगते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार सबका साथ, सबका विकास का लक्ष्य लेकर आगे बढ रही है। रिंग रोड और जनपद के सभी पांचों विधानसभाओं में इनडोर स्टेडियम के बन जाने पर जनपद का और तेजी से विकास होगा। अच्छी सडकों का संजाल विकसित किया गया है। बस्ती शहर में कम्पनीबाग से बड़े बन तक सड़क के चौडीकरण का कार्य चल रहा है। कहा कि तीसरी बार अवसर मिलने पर प्रगति की यात्रा को और गति दिलाया जायेगा।

ब्राम्हण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक शुक्ल ने कहा कि सांसद के रूप में हरीश द्विवेदी ने बेहतर कार्य किया है। इन्हें पुनः मौका मिलना ही चाहिये। भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने कहा कि संगठन बूथ स्तर पर लगा हुआ है और लोगों का जिस प्रकार से अपार समर्थन मिल रहा है उससे भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी का भारी मतों से हैट्रिक लगना तंय है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से लल्लू पाण्डेय, अनुरूद्ध श्रीवास्तव, विवेक गिरोत्रा के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

# दोना–पत्तल व्यवसायी के घर पड़ा छापा

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

दुबौलिया (बस्ती)। जनपद के दुबौलिया थानाक्षेत्र के सांड़पुर गांव में कृष्ण एग्रो के घर सुबह करीब साढ़े छह बजे दो गाड़ियों में आई बाहर की टीम ने छापेमारी की। छापे की कार्रवाई दोपहर डेढ़ बजे तक जारी रही। हालांकि छापे में शामिल अधिकारी कुछ भी बताने से इन्कार कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक लखनऊ के नंबर की गाड़ियों से आई टीम को सीबीआई बताया जा रहा है।

सांड़पुर गांव निवासी रंजीत भारती



उर्फ गोली के घर दो वाहनों यूपी 32जे क्यू 5051वजे एच 01इ ए 2676 पर सवार आधा दर्जन लोग छापेमारी की। मकान के बाहर दुबौलिया थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। कोई कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। गांव में इस व्यक्ति के तीन मकान हैं। गांव में ही कृष्णा एग्रो नाम से दोना पत्तल, गिलास की फैक्ट्री भी लगाया है। छापेमारी के बाद टीम के सदस्यों ने घर से कुछ कागजात और दो मोबाइल अपने साथ ले गए हैं। इस टीम में एक महिला कर्मी भी शामिल रही। इसी संबंध में थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पांडेय ने बताया की दिल्ली से टीम आई है, थाने से दो सादी और दो वर्दीधारी पुलिस की मांग की गई, जिसे उपलब्ध करा दिया गया है।

# विधायक अजय सिंह की पहल पर बच गई ठेले वाले चाय की दुकान

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। हरैया बाजार स्थित पुरानी तहसील के सामने ठेले पर चाय बेचने वाले राम गोपाल गुप्ता की दुकान को गुरुवार दोपहर को नगर पंचायत द्वारा हटा दिया गया था। शाम को स्थानीय विधायक अजय सिंह के विशेष हस्तक्षेप से चाय दुकानदार की दुकान पुनः स्थापित कराई गई। विधायक अजय सिंह ने बताया कि दुकानदार रामगोपाल गुप्ता को बिना किसी परमिट, परमिशन के तोड़फोड़ कर भगा दिया गया था जिसको पुनः स्थापित करा दिया गया है। नगर पंचायत द्वारा इस तरह का व्यवहार दुकानदारों के प्रति उचित नहीं है। कहा कि हरैया बड़ी बाजार है यहां पर हजारों की संख्या में छोटे दुकानदार दुकान लगाकर अपना और परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। यह दुकानदार अपने भरण पोषण के साथ–साथ समाज के लोगों के दैनिक



आवश्यकता की चीजों को मुहैया कराकर समाजसेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरैया बाजार ही नहीं पूरे विधानसभा में यदि किसी दुकानदार के साथ दुर्व्यवहार होता है उनको उजाड़ने का कार्य किया जाता है तो उसके साथ हम पूरी तरीके से खड़े हैं किसी को उजड़ने नहीं दिया जाएगा।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन रज्जू गुप्ता, मनोज सिंह, संतोष सिंह, अंतेश सिंह बब्बू, वीरेन्द्र गौतम, आयुष गुप्ता, अखिलेश सिंह, रंजन सिंह, वरुण सिंह, दुर्गेश सोनकर, राम सहाय सोनकर, नीरज शुक्ला, विजेन्द्र तिवारी, कन्हैया पाठक, लवकुश वर्मा, अमरेन्द्र सिंह, अतुल सिंह, आलोक सिंह, संतोष सिंह, दीपक पांडेय, दुर्गेश सिंह, वीरू सिंह, अतुल तिवारी, अर्जुन सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# 1 जुलाई से लागू होने वाले नये कानूनों का नये सिरे से अध्ययन आवश्यक-आई.जी. रामकृष्ण भारद्वाज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले नये कानूनों का नये सिरे से अध्ययन आवश्यक है जिससे उसके बेहतर क्रियान्वयन में सुविधा हो। यह विचार आई.जी. बस्ती परिक्षेत्र रामकृष्ण भारद्वाज ने व्यक्त किया। वे अभियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा पुलिस लाइन सभागार में आयोजित नवीन धाराओं के क्रियान्वयन के विषय में प्रशिक्षण, सेमिनार, कार्यशाला को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे।



## –जागरूकता सेमिनार में नये कानूनों की जानकारी पर जोर

दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुये आईजी. रामकृष्ण भारद्वाज ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू होने वाले हैं। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में जो परिवर्तन आने वाले हैं उसके लिये अभी से तैयारी कर ली जाय जिससे कानूनों के क्रियान्वयन में प्रभावशाली उपयोगिता सिद्ध हो सके।

पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि बेहतर पुलिस सेवा के लिये नियम कानूनों की जानकारी होना अति आवश्यक है। 1 जुलाई 2024 से जो परिवर्तन होने वाले हैं इस दिशा में अध्ययन अति आवश्यक है जिससे पुलिसकर्मी और बेहतर ढंग से पीड़ित को न्याय दिला पाने की दिशा में कार्य कर सकें।

सेमिनार में अपर निदेशक अभियोजन राम अचरज चतुर्वेदी, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन बस्ती अशोक कुमार त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन सिद्धार्थनगर आर. के. मिश्र, संतकबीर नगर के दयानन्द पटेल आदि ने इस बात पर जोर दिया कि लागू किये जाने वाले नये कानूनों की जानकारी प्राप्त किया जाय । इन अधिनियमों के परिवर्तन होने के पूर्व ऐसे सेमिनार, गोष्ठियां आयोजित की जांय जिससे लोग जागरूक और जानकार बन सके।

सेमिनार में शासकीय अधिवक्ता, सहायक शासकीय अधिवक्ता, थानों के विवेचनाधिकारी, पर्यवेक्षण अधि्ाकारियों ने हिस्सा लिया।

अपर निदेशक अभियोजन बस्ती परिक्षेत्र रामचरज चतुर्वेदी, प्रभारी संयुक्त निदेशक अभियोजन बस्ती अशोक कुमार त्रिपाठी ने सेमिनार में हिस्सा लेने आये अतिथियों, वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रालोद ने दिया भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी को समर्थन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । गुरूवार को राष्ट्रीय लोकदल की बैठक जिलाध्यक्ष उदयभान चौधरी की अध्यक्षता में प्रेस क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में रालोद के वरिष्ठ पदाधि्ाकारियों से वार्ता के बाद लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी वर्तमान सांसद हरीश द्विवेदी को समर्थन देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में रालोद के प्रदेश महासचिव अरूणेन्द्र पटेल ने कहा कि पार्टी का भाजपा नीत राजग के साथ गठबंधन है, ऐसी स्थिति में गठबंधन धर्म का निर्वहन करते हुये पार्टी पदाधिकारी पूरी ताकत लगाकर सभी विधानसभा क्षेत्र में बूथवार परिश्रम कर भाजपा की जीत सुनिश्चित करेंगे। रालोद के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश चौधरी ने कहा कि राजग नीत गठबंध्ान किसानों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण कराये, जब किसान




खुशहाल होगा तभी देश खुशहाल होगा।

भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी ने रालोद के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि सबका साथ, सबका विकास के आध्ाार पर ही बड़े लक्ष्य सिद्ध होंगे। कहा कि रालोद राजग का बडा घटक दल है। पूर्व प्रधानमंत्री किसान नेता चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने रालोद की बड़ी मांग को पूरा किया।

बैठक में मुख्य रूप से सुरेन्द्र चौधरी, श्रीराम मौर्य, राम सागर पटेल, शिव कुमार गौतम, चन्द्रिका प्रसाद, राधेश्याम गुप्ता, गोरखनाथ चौधरी, रामनाथ चौधरी, प्रदीप चन्द्र वर्मा, त्रिपुरेश पाठक, सामईन फारूकी, मुन्नीलाल के साथ ही रालोद के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

*''मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता''–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 22 मार्च 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

### नेपाल के बदलते परिदृश्य और भारत

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने पिछले सप्ताह संसद के 275 सदस्यीय निचले सदन में विश्वास मत जीता, जिसमें उन्होंने उपस्थित 268 सांसदों में से 157 का समर्थन हासिल किया। विश्वास मत, एक साल से कुछ अधिक समय में प्रचंड द्वारा जीता गया तीसरा विश्वास मत था। प्रधानमंत्री द्वारा शेर बहादुर देऊबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी पार्टी का गठबंधन तोडने का फैसला उस समय लिया गया जब देऊबा ने के.पी. शर्मा ओली की कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल ( एकीकृत मार्क्सवादी–लेनिनवादी) के साथ एक नया गठबंधन बना लिया। नेपाल के संविधान के तहत किसी सहयोगी द्वारा सत्तारूढ़ गठबंधन से समर्थन वापस लेने के बाद प्रधानमंत्री को विश्वास मत हासिल करना होता है। 89 सांसदों के साथ नेपाली कांग्रेस संसद में सबसे बड़ी पार्टी है। इसके बाद ओली की सी.पी.एन–यू.एम.एल. (79) और प्रचंड की सी.पी.एन–एम.सी. (30) का स्थान आता है।

69 वर्षीय प्रचंड ने 26 दिसम्बर, 2022 को तीसरी बार शपथ ली। वह इससे पहले 2008–09 और 2016–17 में प्रधानमंत्री रह चुके हैं और लगभग समर्थन प्राप्त करने के बाद 10 जनवरी, 2023 के फ्लोर टैस्ट में 268 वोट हासिल किए। इस साल 4 मार्च को प्रचंड ने देऊबा को छोड़ दिया और ओली के पास वापस चले गए, जिससे संसद में मतदान शुरू हो गया। भले ही संसद में उनके लिए समर्थन जनवरी 2023 में 268 से घटकर 2 महीने बाद 172 वोटें हो गईं और अब उनकी अपनी पार्टी के केवल 32 वोटों के साथ 157 हो गए हैं, वह सत्ता पर टिके हुए हैं।

पिछले दशक में प्रचंड, देऊबा और ओली नेपाल में प्रमुख राजनीतिक खिलाड़ी रहे हैं, जहां 2008 के बाद 13 सरकारें देखने को मिली हैं, 2008 एक ऐसा वर्ष था जिस दौरान नेपाल ने 239 साल पुरानी राजशाही को समाप्त कर दिया था और एक गणतंत्र घोषित किया गया था। नेपाल में असाधारण राजनीतिक अस्थिरता भारत के लिए चिंता का विषय है, जहां प्रचंड के कदमों को सावधानी और प्रशंसा के मिश्रण के साथ देखा जा रहा है। हालांकि प्रचंड ने नई दिल्ली में महत्वपूर्ण सद्भावना बरकरार रखी है, सरकार में उनके साथी ओली अब उनके साथ नहीं हैं। नेपाल में राजनेता अक्सर देश को 'इंडिया लॉक्ड' के रूप में वर्णित करते हैं, जिसका अर्थ है कि बंदरगाहों तक पहुंच के लिए इसे भारत की आवश्यकता है। भूगोल का एक तथ्य जिसे भारतीय राजनयिक 'इंडिया ओपन' के रूप में परिभाषित करना पसंद करते हैं। नई दिल्ली ने खुद को नेपाल के लिए एक उदार 'बड़े भाई' के रूप में पेश करने की कोशिश की है, जैसा कि पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने एक नियंत्रित और दबाव डालने वाले 'बड़े भाई' के रूप में वर्णित किया था।

भारतीय विदेश नीति प्रतिष्ठान का कहना है कि भारत नेपाल का सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्त वर्ष 2019–20 में 7 बिलियन डॉलर को पार कर गया है और भारत नेपाल के लगभग सभी तीसरे देशों के व्यापार के लिए पारगमन प्रदान करता है। पिछले एक दशक में नेपाल को भारतीय निर्यात 8 गुना से अधिक बढ़ गया है जबकि नेपाल से निर्यात लगभग दोगुना हो गया है।

लगभग 80 लाख नेपाली नागरिक भारत में रहते हैं और काम करते हैं और लगभग 6 लाख भारतीय नेपाल में रहते हैं। नेपाल में विदेशी पर्यटकों में लगभग 30 प्रतिशत भारतीय हैं। नेपाल से भारत में द्विपक्षीय प्रेषण प्रवाह +3 बिलियन और विपरीत दिशा में +1 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है। नेपाल के संबंध में बिजली, पानी और बुनियादी ढांचे में सहयोग भारत के राजनयिक टूलकिट का एक प्रमुख तत्व रहा है।

नेपाल दो एशियाई दिग्गजों के बीच फंसा हुआ है और देश के पूर्व राजाओं सहित नेपाली राजनीतिक नेतृत्व लम्बे समय से भारत के साथ संबंधों को प्रबंधित करने के लिए चीन कार्ड खेलने की कोशिश कर रहा है। चीन काठमांडू को नई दिल्ली से दूर करने के लिए बुनियादी ढांचे में सहायता और निवेश कर रहा है। चीन से नेपाली आयात 2013–14 में, भारतीय 49.5 अरब रुपए से लगभग तीन गुना बढ़कर 2022–23 में 138.75 अरब रुपए यानी कि 1.67 अरब डॉलर हो गया। चीन के प्रति स्पष्ट झुकाव रखने वाले ओली की काठमांडू में सरकार में वापसी के साथ नई दिल्ली नेपाल के घरेलू मामलों में अधिक सक्रिय और प्रभावशाली भूमिका निभाने के लिए पेइङ्क्षचग के अपेक्षित प्रयासों पर उत्सुकता से नजर रखेगी।

नेपाल में कुछ विश्लेषक भाजपा के नेतृत्व में भारत को नेपाल को हिन्दू राज्य की दिशा में धकेलने की कोशिश के रूप में देखते हैं, जिससे उस देश में कुछ प्रतिक्रियाएं शुरू हो गई हैं। नेपाल की राजनीति और भविष्य पर नई दिल्ली की स्थिति सूक्ष्म और लचीली रहनी चाहिए, जिसके केन्द्र में नेपाल के लोग हों, उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि चीन या उसके प्रतिनिधियों को भारत के खिलाफ संदेह या पूर्वाग्रह पर सवार होने का मौका न मिले। एक 'बड़े भाई' से अधिक भारत को नेपाल के लिए एक समान भागीदार बनना चाहिए।

# चुनाव में हाशिये पर जमीनी मुद्दे



–निर्मल रानी–



लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही सत्ता व विपक्षी दलों के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप शुरू कर दिये हैं। राजनीति के स्वयंभू 'चाणक्यों' द्वारा बड़ी ही चतुराई से मतदाताओं को ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटका कर गैर जरूरी मुद्दों की तरफ खींचा जा रहा है। विश्लेषकों का मानना है कि इस बार होने जा रहे 18 वीं लोकसभा के आम चुनाव संभवतः पूर्व में अब तक हुये सभी चुनावों की तुलना में कुछ ज़्यादा ही कटु वातावरण में होने की संभावना है। इसके लक्षण भी अभी से दिखाई भी देने लगे हैं। देश के समक्ष इस समय ताजातरीन मुद्दा इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी घोटाले का है। मंहगाई इस समय अभूतपूर्व रूप में अपने चरम पर है। विपक्षी दल वर्तमान केंद्र सरकार को चंद गिने चुने उद्योगपतियों के हितों का संरक्षण करने तथा किसानों, मजदूरों,कामगारों व गरीबों के विरुद्ध काम करने वाली सरकार बता रहे हैं। सत्ता पर कई प्रमुख केंद्रीय जांच एजेन्सीज के दुरूपयोग का आरोप है। विपक्षी दल अग्निवीर योजना का विरोध कर इसे सैनिकों के जोश व उत्साह को खत्म करने वाली देश विरोधी योजना बता रहे हैं। विपक्षी दल पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग भी कर रहे हैं। बेरोजगारी देश की ज्वलंत समस्या है। परन्तु इन जरूरी विषयों से इतर बड़ी ही चतुराई से चुनाव का रुख श्धर्मश की तरफ मोड़ा जा रहा है।

पिछले दिनों इण्डिया गठबंधन दलों की एक विशाल सभा जो कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा की समापन सभा के रूप में मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित की गयी थी इस सभा में राहुल गांधी ने कहा था कि ''हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है ? बस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राहुल गांधी द्वारा प्रयुक्त 'शक्ति' शब्द इतना 'अनुकूल ' लगा कि वे अपनी विशेष शैली के अनुसार इसी 'शक्ति शब्द' को लेकर 'उड़ पड़े। मुंबई की इस सभा के अगले ही दिन प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के जगतियाल में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि –'मुंबई में इंडी गठबंधन की पहली रैली हुई और उन्होंने अपना घोषणा पत्र जारी किया। वह कहते हैं कि उनकी लड़ाई 'शक्ति' के खिलाफ है। मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं–बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा,जीवन खपा दूंगा।' उन्होंने कहा कि श्एक ओर शक्ति के विनाश की बात करने वाले लोग हैं, दूसरी ओर शक्ति की पूजा करने वाले लोग हैं। मुकाबला 4 जून को हो जाएगा कि कौन शक्ति का विनाश कर सकता है और कौन शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। इंडी गठबंधन ने अपने घोषणापत्र में कहा कि उनकी लड़ाई शक्ति के खिलाफ है। मेरे लिए हर मां, बेटी और बहन 'शक्ति' का रूप हैं। मैं उनकी पूजा करता हूं। मैं विपक्ष की चुनौती को स्वीकार करता हूं।' तेलंगाना में ही एक अन्य सभा में प्रधानमंत्री ने कहा कि ''इंडी गठबंधन वाले बार–बार, जानबूझकर हिन्दू धर्म का अपमान करते हैं। हिन्दू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। डीएमके और कांग्रेस का इंडी गठबंधन और किसी धर्म का अपमान नहीं करता। किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता, लेकिन हिन्दू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। ''

गौरतलब है कि ''कांग्रेस स्पष्ट कर चुकी है कि राहुल गांधी द्वारा ''शक्ति शब्द का अर्थ' दुष्ट शक्तियों' से था न कि दुर्गा या शिव शक्ति से। लेकिन बीजेपी झूठ फैला रही है।स्वयं राहुल गांधी ने भी कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी बातों का अर्थ बदलने की कोशिश की है, जबकि उन्होंने जिस 'शक्ति' का उल्लेख किया था उसका 'मुखौटा' प्रधानमंत्री खुद हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि जिस 'शक्ति' के खिलाफ वह लड़ने की बात कर रहे हैं उसने सभी संस्थाओं और संवैधानिक ढांचे को अपने चंगुल में दबोच लिया है। परन्तु राहुल गाँधी द्वारा 'शक्ति' शब्द का प्रयोग करने और जवाब में मोदी द्वारा कांग्रेस सहित इण्डिया गठबंधन के सभी सदस्यों को हिन्दू विरोधी बताने और इसी सन्दर्भ में उनका कहना कि 'मेरे लिए हर बेटी शक्ति का रूप है और मैं अपनी माताओं–बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा,जीवन खपा दूंगाश। प्रधानमंत्री मोदी के 'शक्ति ' शब्द पर दिये गये इस 'प्रवचन' ने मोदी पर ही कई सवाल खड़े कर दिये हैं। पहला सवाल तो यह कि जब प्रधानमंत्री के अनुसार उनके लिए देश की 'हर बेटी' शक्ति का रूप है और वे अपनी इन बेटियों–माताओं व बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने व अपना जीवन खपाने की बात करते हैं तो क्या मणिपुर में निःवस्त्र घुमाई जाने वाली बेटियां 'शक्ति का रूप' नहीं थीं ? जिन बेटियों के साथ वहाँ बलात्कार की अनेक घटनाएं हुईं उन बहनों की रक्षा के लिए क्या प्रधानमंत्री ने अपनी जान की बाजी लगाई ? हाथरस से लेकर कठुआ तक और जंतर मंतर पर बैठी ओलम्पिक स्तर का पदक जीतने वाली कई पहलवान लड़कियां क्या 'शक्ति' का रूप नहीं थीं ? क्या किया मोदी जी ने उनकी रक्षा के लिये ? सत्ता के कई करीबी लोगों पर से तो मोदी सरकार के ही कार्यकाल में बलात्कार सम्बन्धी कई मुकदमे तक वापस ले लिए गये ? उस समय 'शक्ति' का रूप और बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने व अपना जीवन खपाने जैसे डायलॉग याद नहीं आये थे ? या मतदाताओं को गुमराह करने व उनमें भ्रम पैदा करने वाली ध्यान भटकाने की यह 'पुड़िया' चुनाव के समय ही खोली जाती है ?

रहा सवाल मोदी के इस आरोप का कि ''इंडी गठबंधन वाले बार–बार, जानबूझकर हिन्दू धर्म का अपमान करते हैं।' इसपर कांग्रेस कुछ डीएमके नेताओं के आपत्तिजनक बयानों से किनारा भी कर चुकी है और उससे असहमति भी जता चुकी है। परन्तु भाजपा ने बिहार में गया की सीट राजग के जिस उम्मीदवार के लिये छोड़ी है वे हैं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व हिंदुस्ध्तानी अवाम मोर्चा के अध्यक्ष जीतन राम मांझी। जीतन राम मांझी अनेक अवसर पर हिन्दू धर्म व हिन्दू देवी देवताओं का अपमान कर चुके हैं। वे न केवल राम को भगवान मानने से इनकार कर चुके हैं बल्कि सत्ध्यनारायण पूजा व हिंदू धर्म पर भी सवाल खड़े कर चुके हैं। यहां तक कि वे ब्राह्मणों के प्रति भी अपशब्द बोल चुके हैं। मांझी यह भी कहा था कि वे पूजा–पाठ कभी नहीं करते। परन्तु जीतन राम मांझी की पार्टी वर्तमान नितीश सरकार में भी साझीदार है और मांझी स्वयं एन डी ए के लोकसभा प्रत्याशी भी हैं। क्या मांझी का हिंदू धर्म व देवी देवताओं का विरोध मोदी या भाजपा अथवा हिन्दू धर्म के उन स्वयंभू शुभचिंतकों को दिखाई नहीं देता ? दरअसल यह सब चुनावी समर के दौरान इसी तरह अर्थ का अनर्थ करने व जनसमस्याओं से जनता का ध्यान भटकाने का कुटिल प्रयास मात्र है। जिससे जनता को समझने व इससे सचेत रहने की जरुरत है।

# जमीन पर दिखे जीवन स्तर में सुधार



–जयंतीलाल भंडारी–



**थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली। भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन–धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तीकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की विशिष्ट भूमिका रही है।**

हाल ही में 14 मार्च को संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 देशों में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। जहां 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवनस्तर में धीरे–धीरे बेहतरी आ रही है।

दरअसल, एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों– लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई एचडीआई रिपोर्ट 2022 में भारतीयों की प्रतिव्यक्ति आय 6951 डॉलर (करीब 5.76 लाख रुपए) दर्ज की गई है। वहीं भारत में जीवन प्रत्याशा में एक वर्ष पहले का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67. 7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति की है।

निःसंदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। हाल ही में अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रूकिंग्स इंस्टिट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि जहां वर्ष 2011–12 में भारत की 12.2 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीब थी, वहीं यह वर्ष 2022–23 में घटकर महज दो फीसदी ही रह गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011–12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022–23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली। भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएं रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन–धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तीकरण में करीब 51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढांचे की विशिष्ट भूमिका रही है।

भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार–स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टियर 2 और टियर 3 शहरों में हैं।

सरकार का दावा है कि युवाओं के लिए रोजगार और स्वरोजगार के लिए निजी क्षेत्र के साथ सरकारी क्षेत्र में भी नए रोजगार अवसर बढ़े हैं। सरकार द्वारा रोजगार बढ़ाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं पीएम ऋण योजना, पीएम स्वनिधि योजना, आत्मनिर्भर भारत योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मनरेगा आदि के तहत युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ्य योजनाएं स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहां अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

सरकार द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश किया जाना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियां बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं।

आशा है कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान–2 सफल बनाया जाएगा।

लेखक अर्थशास्त्री हैं।

## आम चुनाव में चाहिए अर्जुन की आंख



–ललित गर्ग–

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोक–झोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग–रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। य

इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश–निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्द–गिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं दृ आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत–सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं।

इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा–रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गडाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं।

मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो–दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा।

